संख्या:15/2026/489/35-4-2026/35-4/1/2026

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ; दिनांक: 28 मार्च,2026

विषय: वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके **पत्र सं0-348/त्व0आ0वि0/2025-26 दिनांक 17 मार्च, 2026** के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद-मऊमें निम्नलिखित तालिका में इंगित कार्यों की रू. **2311.05**लाख (रूपये **तेईस करोड़ ग्यारह लाख पाँच हज़ार** मात्र, 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 एवं 01प्रतिशत लेबर सेस सहित) की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू.**809.00** लाख (रूपये **आठ करोड़ नौ लाख**मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर निम्नांकित विवरण, शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इन कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था उनके सामने इंगित की गयी है:-

(लाख रू. में)

क्र.	प्रस्ताविक / कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
1	विकास खण्ड फतेहपुर मण्डाव में बंधा से मितु पुर डाला व श्री सुनील राय के घर से कुंवरपुर होते शंकर जी के मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य।	0.95	53.59	19.00	ग्रा0अभि0 वि0
2	विकास खण्ड फतेहपुर मण्डाव में ग्राम सभा मोलनापुर मिश्रौली होते हुए श्री हरिचरण गोंड़ के घर से मल्लाह बस्ती होते हुएश्मशान घाट पर पुलिया का निर्माण तथा पक्की सड़क का निर्माण।	1.06	57.87	20.00	ग्रा0अभि0 वि0
3	विकास खण्ड फतेहपुर मण्डाव मे हाता धर्मपुर पिच मार्ग से पी सी आर डी इण्टर कालेज होते हुए बरहज पिच मार्ग तक सड़क का निर्माण।	2.50	117.92	41.00	ग्रा0अभि0 वि0
4	विकास खण्ड बड़रांव में ग्राम सभा खड़ुवान से सुरेश के दरवाजे से तम्मारीपुर तक सड़क इंटरलाकिंग निर्माण का कार्य ।	0.56	39.28	14.00	ग्रा0अभि0 वि0

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	प्रस्ताविक / कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
5	मधुबन दोहरीघाट मार्ग पर उन्दूरा मोड़ से तालपताक्ष तक पिच मार्ग एवं पुल का निर्माण कार्य।	0.71	56.59	20.00	ग्रा0अभि0 वि0
6	अमिला से लटघाट रोड पर महेंद्र मोड से मुहम्मदाबाद सिपाह सुकलौली पुल तक पिच रोड का निर्माण।	0.60	29.17	10.00	ग्रा0अभि0 वि0
7	सिपाह सऊदी मुख्य मार्ग से आलापुर होते हुए चचाईपार माइनर तक मार्ग का निर्माण कार्य।	1.65	80.91	28.00	ग्रा0अभि0 वि0
8	मधुबन बेल्थरा मुख्य मार्ग से लोहजरा जाने वाली पिच रोड से कंधरापुर तक पिच रोड का निर्माण कार्य।	1.40	66.60	23.00	ग्रा0अभि0 वि0
9	विकास खण्ड दोहरीघाट मे ग्राम सभा गोफा गेट से रामप्रसाद के खेत तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	0.90	65.26	23.00	ग्रा0अभि0 वि0
10	विकास खण्ड बड़रावं में भीरा बोझी पिच मार्ग प्राइमरी पाठशाला से अहडा पुल व रामजन्म के खेत होते हुए नेबुलाल सोनकर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	1.00	60.01	21.00	ग्रा0अभि0 वि0
11	विकास खण्ड घोसी के ग्राम मानिकपुर जमीन हाजीपुर में प्रधानमंत्री रोड चन्द्रबली चौहान चौक से कुटी होते हुए बड़का पूरा रामशीष के खेत व दुर्गविजय चौहान के घर तक पिच मार्ग व इण्टरलाकिंग कार्य।	0.99	92.88	33.00	ग्रा0अभि0 वि0
12	विकास खण्ड कोपागंज के ग्राम सभा प्यारेपुर सलाउद्दीनपुर में प्यारेपुर प्रा0 वि0 से सेमराड़ाड चौहान बस्ती एवं बाढू चौक होते हुए प्रधानमंत्री रोड चौक तक इण्टरलाकिंग कार्य।	1.10	84.23	29.00	ग्रा0अभि0 वि0
13	विकास खण्ड- बड़राव के अन्तर्गत अजमतगढ-नदवासराय पिच मार्ग से रामजन्म सिंह के ईंट भट्ठे तक इण्टरलांकिग कार्य ।	0.75	54.21	19.00	ग्रा0अभि0 वि0

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	प्रस्ताविक / कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
14	विकास खण्ड कोपागंज के अन्तर्गत रईसा माइनर नहर से शम्में स्थान होते हुए गोडसरा अरूषाभार मुंगमास अम्बेडकर विद्यालय तक इण्टरलाकिंग कार्य।	1.85	164.72	58.00	ग्रा0अभि0 वि0
15	विधान सभा मधुबन के विकास खंड फ़तेहपुर मंडाव तहसील मधुबन के ग्राम धर्मपुर हाता मे सुग्गीचौरी बरहज पिच रोड से मधई चौहान का स्कूल होते हुए हाता नकिहवा पिच रोड तक पिच निर्माण कार्य।	0.86	43.02	15.00	ग्रा0अभि0 वि0
16	विधान सभा सदर विकास खण्ड परदहा तहसील मऊनाथ भंजन ग्राम सभा हासपुर से होते हुए नदी के किनारे से राम विलास यादव के घर के आगे तक इंटरलाकिंग कार्य।	0.77	62.21	22.00	ग्रा0अभि0 वि0
17	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत हलधरपुर (मैरासोफिपुर) में हलधरपुर बिलौझा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के सामने विनोद गुप्ता के मकान के पास से रामबहादुर गिरी के खेत होते हुए ग्राम पंचायत रजडीहा (भोजवरी) में दुखन्ती राजभर के घर तक नव निर्माण(पिच) कार्य ।	1.60	75.17	26.00	ग्रा0अभि0 वि0
18	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत मखना में मेन पिच रोड के पास घुरा राम के घर से मोती राजभर के घर होते हुए ग्राम पंचायत रसूलपुर जनपद गाजीपुर बार्डर तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	2.47	110.13	39.00	ग्रा0अभि0 वि0
19	आदर्श नगर पंचायत मधुबन में मधुबन--दुबारी मुख्य मार्ग पर श्रृंगार मैरेज हाल के पास से हरिमोहन मल्ल का भट्ठा होते हुए भरथिया सत्येन्द्र राजभर के घर तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य।	1.10	57.16	20.00	ग्रा0अभि0 वि0

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	प्रस्ताविक / कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
20	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत छिछोर करौंदी (करनी) में रतनपुरा भीमपुरा मुख्य मार्ग पर रविन्द्र सिंह धर्मेन्द्र सिंह के खेत के पास से भोला सिंह के खेत होते हुए भवानी माता के मंदिर तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य।	0.65	37.51	13.00	ग्रा0अभि0वि0
21	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत विभौली में सुरेश सिंह के चक से प्राथमिक विद्यालय विभौली होते हुए विभौली विलास पिच रोड तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	0.77	37.49	13.00	ग्रा0अभि0वि0
22	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत सेमराजपुर में अच्छेलाल शर्मा के खेत से ग्राम पंचायत समनपुरा नहर पुल के पास पिच रोड तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	1.05	55.09	19.00	ग्रा0अभि0वि0
23	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत मलपुर लोहराई में गहना-बड़ागावं पिच मार्ग पर सुखराम चौहान कटरा के पास से ग्राम पंचायत छिछोर करौंदी (घराइच) नहर पुल तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	0.50	20.63	7.00	ग्रा0अभि0वि0
24	विकास खण्ड रतनपुरा ग्राम पंचायत रजडीहा (नेरूवाडीह) में शिव देनी यादव के ट्यूबवेल से प्राथमिक विद्यालय नेरूवाडीह होते हुए नवलपुर रतोही पिच मार्ग तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	0.65	28.16	10.00	ग्रा0अभि0वि0
25	विकास खण्ड मुहम्मदाबाद ग्राम पंचायत मालव में पिच मार्ग पर मुन्ना राजभर के चाय की दुकान के पास से कुलपुल राजभर के घर तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	0.75	37.14	13.00	ग्रा0अभि0वि0

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	प्रस्ताविक / कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
26	विकास खंड रतनपुरा ग्राम पंचायत मानिकपुर मे हलधरपुर-बिलौझा मुख्य मार्ग पर दुर्गा मंदिर के पास से बहादुर चौहान के घर के आगे तक नव निर्माण लेपन (पिच) कार्य ।	0.72	30.25	11.00	ग्रा0अभि0वि0
27	विकासखण्ड -बड़राँव ग्राम सभा - कटिहारी बुजुर्ग में रमेश सिंह के पोखरे से पड़ोही का पूरा होते हुए खंतिया बॉर्डर पुल तक पिच रोड निर्माण कार्य।	2.50	166.77	58.00	ग्रा0अभि0वि0
28	विकासखण्ड- बड़राँव में ग्रामसभा- टकटेउवारामपुर से कटिहारी प्रधान मंत्री सड़क तक पिच रोड निर्माण कार्य।	1.90	127.14	44.00	ग्रा0अभि0वि0
29	विकासखंड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत तारनपुर में फोर लेन से पंचायत भवन पिच रोड तक पिच रोड निर्माण कार्य।	1.60	102.28	36.00	ग्रा0अभि0वि0
30	विकासखंड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत कादीपुर में लामी रोड से फागु के खेत तक पिच रोड निर्माण कार्य।	0.70	43.05	15.00	ग्रा0अभि0वि0
31	विकासखंड बड़राव में ग्राम पंचायत सराय ख्वाजा बड़े में खड़ूहान पिच रोड से राजभर बस्ती तक पिच रोड निर्माण कार्य।	0.90	65.32	23.00	ग्रा0अभि0वि0
32	विकास खंड मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम पंचायत हाफिजपुर मे पूर्वाञ्चल एक्स्प्रेस वे से मेवा के खेत तक लेपन कार्य।	0.20	9.71	3.00	ग्रा0अभि0वि0
33	विकास खंड मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम पंचायत इटौरा चौबेपुर मे शेषनाथ चौहान की दुकान (पुलिया) से रामधनी चौहान के ट्यूबवेल वाले मार्ग पर लेपन कार्य।	1.43	59.56	21.00	ग्रा0अभि0वि0
34	विकास खंड मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम पंचायत बरहदपुर मे हाफिजपुर पिच मार्ग से आनंद सिंह के खेत तक लेपन कार्य।	0.47	21.92	8.00	ग्रा0अभि0वि0

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

क्र.	प्रस्ताविक / कार्य का नाम	लम्बाई (किमी0)	अनुमोदित लागत	अवमुक्त धनराशि	कार्यदायी संस्था
35	विकास खण्ड रतनपुरा के ग्राम सभा पिलखी वरुना मे पिच रोड से रामसकल यादव के खेत से वसारिकपुर अरदौना सम्पर्क मार्ग मोती चन्द यादव के खेत तक पिच रोड कार्य।	1.35	58.77	21.00	ग्रा0अभि0 वि0
36	विकास खण्ड रतनपुरा के ग्राम सभा मानिकपुर मे सीताराम उ0 मा0 विद्यालय से रामाशीष के खेत (पुलिया) तक इंटरलकिंग निर्माण कार्य।	0.40	39.33	14.00	ग्रा0अभि0 वि0
	कुल योग:	**39.33**	**2311.05**	**809.00**	

1. स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी प्रयोजन के लिये किया जायेगा जिसके निमित्त स्वीकृत की गयी है तथा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा एवं व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
2. प्रदेश की राजकीय कार्यदायी संस्थाओं को सेंटेज चार्ज वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-7/10-2023-17(4)/75 दिनांक 17 मार्च, 2023 के अनुसार देय होगा। योजनान्तर्गत कंटीजेंसी अनुमन्य नहीं है।
3. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इस हेतु राज्य सरकार, केन्द्र सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है और न ही यह कार्य किसी अन्य परियोजना/योजना के अंतर्गत अनुमोदित कार्य योजना में सम्मिलित है।
4. निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने के पूर्व स्थलीय निरीक्षण के उपरांत वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार विस्तृत आगणन तैयार करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर की तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त की जायेगी। सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा।
5. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-10/2021/बी-2-96/दस-2021-10/99 दिनाँक 22 मार्च, 2021 के अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त तकनीकी स्वीकृति की लागत 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है, तो प्रायोजना का पुनरीक्षण आगणन का गठन करते हुए 3 माह के भीतर पुनरीक्षित आगणन पर अनुमोदन प्राप्त किया जाये।
6. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023-17 (4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की वित्तीय स्वीकृति व प्रथम किश्त मूल्यांकित लागत पर जारी की जाये, किन्तु द्वितीय किश्त जारी करने से पूर्व परियोजना की लागत को निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए पुनरीक्षित करा लिया जाये। परियोजना की अनुवर्ती किश्तें पुनरीक्षित लागत के आधार पर ही जारी की जायें ताकि कार्यदायी संस्था को कार्य की वास्तविक लागत से अधिक धनराशि अवमुक्त न हो सके।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

7. समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियों एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स नियमानुसार सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
8. प्रायोजनान्तर्गत 18 प्रतिशत की दर से जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान सुनिश्चित कराया जाय। प्रायोजना के निर्माण कार्यों में वास्तविक खपत (CONSUMED)हुई मुख्य सामग्री (सीमेन्ट / स्टील / ग्रिट/मोरम इत्यादि) की मात्राओं का अनुपातिक मानक मिलान करते हुए जी0एस0टी0 का भुगतान किया जाये। जी०एस०टी० के सम्बन्ध में वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8 के शासनादेश सं0-2/2022/ई-8-202/दस-2022, दिनांक 13 सितम्बर, 2022 में निहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।
9. परियोजना की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना हेतु जनपद स्तर पर कार्यकारी आदेश निर्गत करने जिसे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना / कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
10. कार्य का निर्माण, लागत आगणन में प्रस्तावित विशिष्टियों एवं कार्य प्राविधानों के अनुसार किया जायेगा। कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण कर लिया जाये तथा भविष्य में प्रायोजना का कोई पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा। कार्य के लागत आगणन में किसी भी प्रकार का कोई भी परिवर्तन जैसे मार्ग की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि व्यय वित्त समिति का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
11. कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति की समीक्षा सी०एम०आई०एस० पोर्टल पर जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की जायेगी। व्यय/प्रगति सम्बंधी अपेक्षित विवरण उपलब्ध कराने का दायित्व जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी का होगा और उनके द्वारा स्वीकृत कार्य की भौतिक/वित्तीय प्रगति का विवरण नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
12. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्रावधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
13. त्वरित आर्थिक विकास योजना के मार्गदर्शी सिद्धान्तों से संबंधित शासनादेश संख्या-29/2018/1084/35-4-2018 दिनांक 24 सितम्बर, 2018 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
14. प्रश्नगत निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार किये जायेंगे।
15. ई-टेण्डरिंग/ई-प्रोक्योरमेण्ट प्रणाली लागू किये जाने से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1067/78-2-2017-42आईटी/2017 दिनांक 12 मई, 2017 तथा शासनादेश संख्या-1107/78-2-2017-42आईटी /2017 दिनांक 12 मई, 2017 एवं तदविषयक शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
16. परियोजना की लागत में टाइम ओवर रन/कास्ट ओवर रन न हो। इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 (vii) में दिये गये निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनश्चित किया जायेगा।
17. जिलाधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृत आगणन के अनुसार उक्त कार्य हेतु अधिकृत कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश प्रदान किया जायेगा तथा कार्यकारी आदेश के साथ स्वीकृत आगणन की एक प्रति संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी।
18. अपेक्षित औपचारिकतायें पूर्ण कर जिलाधिकारी द्वारा कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://vinaranakosh.up.gov.in

19. परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया/राष्ट्रीयकृत बैंकों में ही रखा जाय और यदि धनराशि पर कोई ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय।
20. स्वीकृत की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जायेगी।
21. स्वीकृत धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च, 2026 तक पूर्ण रूपेण कर लिया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त बचती है तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव नियोजन अनुभाग-4 को 31 मार्च, 2026 तक प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
22. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उत्तर प्रदेश में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
23. कार्य स्थल पर त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत होने के तथ्य के साथ-साथ मुख्य विवरण शिला पट्टिका/बोर्ड के रूप में जन-साधारण की जानकारी हेतु प्रदर्शित किये जायेंगे।
24. जिलाधिकारी द्वारा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य भी सुनिश्चित कराया जायेगा और इसके लिए कार्यदायी संस्था से प्रभावी समन्वय किया जायेगा। कार्य को निर्धारित विशिष्टियों तथा मानकों के अनुरूप गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध ढंग से पूरा किया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कार्यदायी संस्था उसके लिये उत्तरदायी होगी।
25. कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री/उपकरणों का क्रय सुसंगत स्टोर परचेज नियमों तथा आदेशों के अंतर्गत किया जायेगा।
26. यथावश्यक द्विरावृत्ति से बचने के लिए कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति के पश्चात वीडियोग्राफी भी करायी जाय।
27. अवमुक्त धनराशि का निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण-पत्र नियोजन विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
28. कार्य से सृजित होने वाली परिसम्पत्तियों का हस्तांतरण कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की समाप्ति के पश्चात नियमानुसार सम्बंधित प्रशासकीय विभाग को किया जायेगा। संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा सृजित परिसम्पत्ति के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु त्वरित आर्थिक विकास योजना से धनराशि अनुमन्य नहीं होगी।
29. वित्त विभाग के शासनादेश सं0-01/2023/ए-2-60/दस- 2023- 17(4)/75, दिनांक 17 मई, 2023 के अनुसार परियोजना की द्वितीय किश्त हेतु निविदा में प्राप्त मूल्य (टेण्डर कॉस्ट) के अनुसार विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए जनपद/कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की वास्तविक लागत के अनुसार मांग की जायेगी। यदि निविदा के बाद कार्यों की लागत में कमी आती है तो बचत की धनराशि को सुसंगत वित्तीय नियमों के अन्तर्गत राजकोष में जमा किया जायेगा।
30. प्रस्ताव का परीक्षण लागत आगणन में प्रस्तावित कार्य प्रावधानों को यथावत् मानते हुए किया गया है। मार्ग निर्माण की लम्बाई/चौड़ाई में परिवर्तन, प्रस्तावित क्रस्ट डिजाइन में संशोधन, स्वीकृत प्रायोजना के स्कोप में परिवर्तन आदि पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा। प्रशासकीय विभाग द्वारा इस आशय का उल्लेख सम्बन्धित स्वीकृति आदेश में सम्मिलित किया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

31. प्रश्नगत कार्य के लिये नियमानुसार लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि उक्त धनराशि श्रम विभाग को भुगतान की जायेगी।
32. नियोजन विभाग के शासनादेश संख्या: 60/2025/440/35-4-2025/35-4099/184/2023 (पार्ट-1) दिनांक 22 अप्रैल, 2025 में निहित व्यवस्था के अंतर्गत सीएमआईएस पोर्टल पर जियोटैगिंग के साथ पीएम गतिशक्ति पोर्टल पर प्रदर्शित किया जायेगा।

2- उपर्युक्त कार्यों पर होने वाले व्यय रू.**809.00** लाख (रूपये **आठ करोड़ नौ लाख**मात्र) को नियोजन विभाग की अनुदान संख्या-40 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04- जिला तथा अन्य सड़के-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-0301-ग्रामीण क्षेत्रों में नयी सड़कों के लिये एकमुश्त व्यवस्था- 24-वृहद निर्माण कार्यके नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तंर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राजेन्द्र प्रसाद)
संयुक्त सचिव।

संख्या: 15/2026/ 489(1)/35-4-2026/ 35-4/1/2026,तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, आजमगढ़ मंडल ।
8- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
9- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
10- मुख्य विकास अधिकारी, मऊ।
11- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, मऊ।
12- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
13- सम्बन्धित संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, नियोजन विभाग।
14- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मऊ।
15- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मऊ।
16- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, मऊ।
17- गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(राजेन्द्र प्रसाद)

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है,अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।